NEWS CLIPPING: 05.05.2020

PUNJAB KESARI

शैक्षणिक कैलेंडर व परीक्षा प्रक्रिया पर निर्णय लेने के लिए कमेटी गठित की

शैक्षणिक कैलेंडर तथा परीक्षा प्रक्रिया में बदलावों पर कमेटी एक सप्ताह में देगी अपनी रिपोर्ट

फरीदाबाद, 4 मई (पूजा शर्मा): कोरोना वायरस महामारी के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में शैक्षणिक कैलेंडर तथा परीक्षा प्रक्रिया में आवश्यक बदलावों को लेकर निर्णय लेने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी शैक्षणिक कैलेंडर तथा परीक्षाओं से संबंधित विद्यार्थियों के मामलों पर तेजी से निर्णय लेने के लिए कोविड-19 सेल के रूप में भी कार्य करेगी। प्रत्येक विश्वविद्यालय में कोविड-19 सेल गठित करने की अनुशंसा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में की गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इस 10 सदस्यीय कमेटी में सभी संकायों के डीन के साथ-साथ डीन अकादमिक मामले, डीन विद्यार्थी कल्याण, परीक्षा नियंत्रक तथा कुलसचिव को शामिल किया गया है। यह कमेटी कोरोना वायरस महामारी के कारण देशव्यापी लॉकडाउन के मद्देनजर यूजीसी द्वारा विश्वविद्यालयों के लिए परीक्षा प्रक्रिया तथा शैक्षणिक कैलेंडर निर्धारित करने के संबंध में जारी दिशानिर्देशों की समीक्षा करेगी और एक सप्ताह की अवधि के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। कुलपति ने कहा कि कोरोना महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यूजीसी ने अपने दिशानिर्देशों में विश्वविद्यालयों को निर्णय लेने की स्वतंत्रता दी है। तदानुसार, विश्वविद्यालय ने यूजीसी दिशानिर्देशों की विस्तार से समीक्षा करने के लिए कमेटी का गठन किया है। कमेटी शैक्षणिक कार्यक्रम और परीक्षा प्रक्रिया में उपयुक्त समायोजन एवं बदलावों को लेकर अनुशंसा रिपोर्ट देगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व संबद्ध कॉलेजों के लिए शैक्षणिक कैलेंडर तथा परीक्षाओं के आयोजन का निर्णय कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कई अहम कदम उठाये है, जिसमें विद्यार्थियों को घर से ऑनलाइन पढ़ाई जारी रखने की सुविधा देने के लिए डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (डीएलएमएस), ई-लाइब्रेरी पोर्टल और मोबाइल ऐप की शुरूआत शामिल हैं। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के मोबाइल इंटरनेट डाटा-पैक शुल्क की प्रतिपूर्ति करने का निर्णय भी लिया है ताकि विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई करने तथा ई-संसाधनों का लाभ उठाने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 05.05.2020

NAVBHARAT TIMES

शैक्षणिक कैलंडर की रूपरेखा तय करने के लिए जेसी बोस में बनी कमिटी

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद: कोरोना महामारी के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में शैक्षणिक कैलंडर व परीक्षा प्रक्रिया में आवश्यक बदलावों के बारे में फैसला लेने के लिए जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने कमिटी का गठन किया है। यूनिवर्सिटी अनुदान आयोग की तरफ से यह कमिटी बनाने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि इस 10 सदस्यीय कमिटी में सभी संकायों के डीन के साथ-साथ डीन अकैडमिक मामले, डीन छात्र कल्याण, परीक्षा नियंत्रक व कुलसचिव को शामिल किया गया है। यह कमिटी एक सप्ताह की अवधि के अंदर अपनी रिपोर्ट देगी। कुलपति ने कहा कि कोरोना महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यूजीसी ने अपने दिशा-निर्देशों में यूनिवर्सिटीज को निर्णय लेने की स्वतंत्रता दी है। इसलिए समीक्षा करने के लिए कमिटी गठित की है। कमिटी की रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा व शैक्षणिक कैलंडर की रूपरेखा तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए यूनिवर्सिटी ने अहम कदम उठाए हैं। छात्रों के लिए डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, ई-लाइब्रेरी पोर्टल व मोबाइल ऐप शुरू की है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी ने छात्रों के मोबाइल इंटरनेट डेटा-पैक शुल्क की अदायगी करने का निर्णय भी लिया है ताकि छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाई करने में किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।